सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 88 | इंदौर, गुरुवार 10 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. वाराणसी में भीषण हादसा: हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से भिड़ी कार, विंध्याचल से लौट रहे चार श्रद्धालुओं की मौत

2. कोलकाता रेप-मर्डर: डॉक्टरों-अधिकारियों की बैठक बेनतीजा, 100 घंटे से अनशन पर 9 डॉक्टर



# स्वच्छता गीत पर पंडालों में गरबा

## नो प्लास्टिक लिखा झोला टांग की गई अपील, 8वीं बार स्वच्छता में परचम लहराने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर ने इस बार नवरात्रि उत्सव को भी स्वच्छता और ट्रैफिक जागरूकता से जोड़ दिया है। सात बार स्वच्छता का खिताब जीतने के बाद, शहर अब 8वीं बार की तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में हाल ही में एक नया स्वच्छता गीत जारी किया गया है, जिस पर इस साल नवरात्रि में गरबा पंडालों में गरबा हो रहा है। न सिर्फ शहरवासी उत्साह से गरबा कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छता और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश भी दे रहे हैं।**





शारदीय नवरात्रि के अवसर पर इंदौर के नागरिक न केवल उत्सव का आनंद ले रहे हैं, बल्कि अपने सामाजिक दायित्वों को निभाने में भी सक्रिय हैं। गरबा पंडालों में महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त की मौजूदगी में लोगों को स्वच्छता और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई जा रही है। इस अवसर पर 'ट्रैफिक मित्र' गीत पर प्रस्तुतियों के माध्यम से लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**गरबा कर दिया स्वच्छता का संदेश-** वहीं सफाई कर्मचारियों (सफाई मित्रों) की बेटियों ने संस्कृति और स्वच्छता दोनों को एक दिल को छू लेने वाले उत्सव में समाज को एक शक्तिशाली संदेश भी दिया। अपने माता-पिता की स्वच्छता वर्दी पहने, लड़कियों ने हाथों में झाड़ू थामे हुए पारंपरिक नृत्य गरबा किया, जो समाज में स्वच्छता के महत्व का प्रतीक है। ये कार्यक्रम राजमोहल्ला इलाके में वाल्मीकि समाज कॉलोनी में हुआ, जहां महा वाल्मीकि पंचायत गरबा मंडल ने कार्यक्रम का आयोजन किया था। शहर को साफ रखने में अपने माता-पिता के योगदान पर गर्व करने वाली लड़कियों ने झाड़ू थामे हुए गरबा की लयबद्ध धुनों पर नृत्य किया, जिससे स्वच्छता कार्य के महत्व पर जोर दिया गया।

**इंदौर में जीरो वेस्ट भंडारे, डिस्पोजल का उपयोग नहीं-** नवरात्र पर्व की अष्टमी और नवमी पर इंदौर में 250 से ज्यादा जगह भंडारे होंगे। नगर निगम ने इस बार इन सभी आयोजन को 'जीरो-वेस्ट इवेंट' बनाने की ठानी है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इन्हें प्लास्टिक फ्री करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अष्टमी के बाद से दीपावली तक उत्सव होंगे। इंदौर में हर दिन 500 टन गीला और 600 टन सूखा कचरा निकलता है। नवरात्रि में गरबा पंडालों और अन्य कार्यक्रमों के चलते करीब 70 से 80 टन गीला कचरा ज्यादा निकलता है। आयोजकों से यह भी अपील की जा रही है कि वे पत्तों के बने पत्तल-दोने में ही खाना या प्रसादी वितरण करें। निगम साल में 8 से 10 बड़े इवेंट को जीरो वेस्ट इवेंट बनाता है। यानी जितना कचरा निकलता है, उसी वहीं पर प्रोसेस कर खाद बनाई जाती है। इस बार निगम ने एनजीओ के माध्यम से विसर्जन के लिए एसओपी भी बनाई है। गौरतलब है कि पिछले दिनों निगम प्रशासन ने उत्सवों खासकर जन्मदिन और चल समारोह में उपयोग की जाने वाली चमकीली पन्नियों (कनफेटी) पर भी प्रतिबंध के लिए जिला प्रशासन को पत्र लिखा था। इसमें लिखा है कि इसके उल्लंघन पर धारा 144 के तहत कार्रवाई की जाए।

# 33 केवी फीडर ज्यादा ट्रिप हुए तो अधीक्षण यंत्री होंगे जिम्मेदार

### एमपीईबी की प्रबंध निदेशक ने कहा- दिवाली से पहले का मेंटेनेंस प्रायोरिटी से कर लें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक रजनी सिंह ने बुधवार को पोलो ग्राउंड मुख्यालय में संभाग के सभी 15 जिलों के बिजली अधिकारियों की बैठक ली।**

पांच घंटे चली बैठक में उन्होंने कहा कि 33 केवी फीडरों की विशेष मॉनिटरिंग की जाए। मेंटेनेंस भी उत्तम दर्जे का हो। 33 केवी के फीडर ज्यादा ट्रिप हुए तो अधीक्षण यंत्री सीधे जिम्मेदार होंगे। 33 केवी लाइन बंद होने से कृषि, उद्योग, व्यापारिक, घरेलू सभी क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता प्रभावित होते हैं।

प्रबंधक निदेशक ने आगे कहा कि दीपावली इसी माह के अंत में है, ऐसे में अगले पंद्रह दिन में दीपावली से पहले का और पोस्ट मानसून मेंटेनेंस प्राथमिकता से कर लिया जाए। किसानों का सिंचाई कनेक्शनों का 115 करोड़ पुराना बकाया है। इस रबी सीजन में अभियान चलाकर राजस्व संग्रहित किया जाए। उच्च दाब उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ताओं पर भी करोड़ों की राशि बकाया है। इसके लिए भी लक्ष्य तय किया जाए। नवंबर की मीटिंग में राजस्व संग्रहण के इन मुद्दों पर जवाब मांगा जाएगा।

### प्रबंधक निदेशक ने ये निर्देश भी दिए

प्रबंध निदेशक ने शासकीय कनेक्शनों का वेरिफिकेशन भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मिक्स फीडरों पर डीटीआर और एबी स्विच के जरिए कृषि आपूर्ति अलग करने, ट्रांसफार्मरों की लोकल रिपेयरिंग यूनिट (एलआरयू) का संचालन ठीक करने, ट्रांसफार्मर के फेल रेट घटाने के लिए पहल करने, आरडीएसएस एवं एसएसटीड़ी के कार्य समय पर कराने, नए कनेक्शनों के आवेदनों का समय पर निराकरण करने, ऊर्जा एवं 1912 सेवाओं पर ध्यान देने, जब्तशुदा वाहनों की नीलामी के लिए प्रक्रिया लागू करने के निर्देश दिए गए।

## रावण दहन कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह आएंगे

**इंदौर।** दशहरा महोत्सव समिति द्वारा 12 अक्टूम्बर शनिवार को शाम 7 बजे दशहरा मैदान पर आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पूर्व मुख्य मंत्री दिग्विजय सिंह शामिल होंगे। यह जानकारी समिति के सयोजक सत्यनारायण सलवाडिया और अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि दशहरा मैदान पर 111 फीट का रावण और 250 फीट की लंका बन रही है।

# आटोमेटिक लेजर गन से किया जाएगा रावण का दहन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रामबाग दशहरा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 101 फीट ऊंचे रावण का और 350 फीट लम्बी लंका का दहन किया जायेगा!**







रामबाग दशहरा उत्सव समिति का आयोजन इन्दौर शहर के प्रमुख आयोजनों मे एक है। रावण की आंखें गिरगिट की तरह रंग बदलेगी। रावण को इको-फ्रेंडली मटेरियल से वाटरप्रूफ बनाया गया है! रावण दहन से पूर्व भैरव भवानी मन्दिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और यात्रा रावण दहन स्थान पर समाप्त होगी। रावण दहन के पहले भव्य आतिशबाजी की जायेगी। रावण का दहन आटोमेटिक लेजर गन से किया जाएगा। जानकारी देते हुए रामबाग दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बताया कि समिति के संरक्षण केबिनेट मंत्री म.प्र.शासन कैलाश विजयवर्गीय है। आयोजकः सचिन गौड़ (बब्बा भैया) के अनुसार रावण दहन का यह 30वां वर्ष है। 12 अक्टूबर को दशहरे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथिगोलू शुक्ला विधायक क्षेत्र क्रमांक 3और पूर्व विधायक आकाश विजय वर्गीय क्षेत्र क्रमांक 3 रहेंगे। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग रावण व लंका दहन और इसके पहले होने वाली आतिशबाजी देखने आएंगे। भीड़ को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं की जा रही है।

# संजीवनी क्लि निक में हेल्थ एटीएम का इनॉग्रेशन

### 60 से ज्यादा फ्री जांच की फैसिलिटी, जरूरतमंदों को दवाइयां भी मिलेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कुलकर्णी नगर स्थित संजीवनी क्लिनिक में हेल्थ एटीएम का लोकार्पण बुधवार शाम हुआ। इस हेल्थ एटीएम के जरिए 60 तरह की जांच की जा सकेंगी, इसके लिए कोई चार्ज नहीं देना होगा। प्रदेश में संजीवनी क्लिनिक में यह पहला हेल्थ एटीएम है।**

हेल्थ एटीएम के साथ संजीवनी क्लिनिक में 208 तरह की आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। यह उन नागरिकों के लिए लाभकारी होंगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और महंगी दवाइयों का खर्च नहीं उठा सकते। इस पहल का उद्देश्य शहर के गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। लोकार्पण के मौके पर मेयर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य जीतू यादव आदि उपस्थित रहे। मेयर ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा के रूप में काम करेगी। मशीन के माध्यम से ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन, कोलेस्ट्रॉल, ऑक्सीजन लेवल, ईसीजी, वजन आदि की तुरंत जांच करवाई जा सकेगी। इन सभी सुविधाओं से मरीजों को लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। लोकार्पण के बाद विधायक मेंदोला ने खुद हेल्थ एटीएम उपयोग कर अपनी जांच करवाई।

# स्कूल में रंगारंग नवरंग गरबा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नवरात्रि केअवसर पर विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में स्वयं सिद्धा मदर्स क्लब के अंतर्गत नवरंग गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया।**

कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती गीता तनेजा, उपप्राचार्या श्रीमती नीता देशमुख एवं मुख्य अतिथि, टेलीविजन कलाकार एवं समाज सेविका सारिका दीक्षित द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रासंगिक उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए एवं महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में गरबा नृत्य की प्रतियोगिता एवं कई प्रकार के खेल भी आयोजित किए गए तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# नाबालिग संग गरबा खेलता मिला अमन उर्फ आमिर

## मोबाइल में मिले लड़कियों के फोटो-चैट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर में बुधवार रात गरबा पंडाल में फिर एक वर्ग विशेष के युवक को पकड़ा गया। बताया जाता है कि वह यहां पर एक नाबालिग लडक़ी के साथ गरबा कर रहा था। जिसे वह बालाघाट से अपहरण कर अपने साथ लेकर आया था। लडक़ी यहां उसके साथ गरबा कर रही थी। युवक को पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया गया है। वहीं लडक़ी के परिजनों को भी जानकारी दी गई है। इस मामले में बालाघाट पुलिस से भी संपर्क किया गया है।**

पुलिस के मुताबिक एमआर 10 पर वैभव श्री गार्डन में आरकेई नवरात्रि डांडिया नाइट गरबा का आयोजन किया गया था। इसमें आमिर खान उर्फ अमन को हिंदू जागरण मंच के लोगों ने पकड़ा। आमिर यहां लड़कियों के साथ गरबा करने पहुंचा था। जिसमें एक नाबालिग लडक़ी है। यहां हिंदू जागरण मंच से जुड़ी महिला कार्यकर्ता ने उसे लेकर हिंदू जागरण मंच के लोगों को जानकारी दी थी। यह बताया गया था कि वह नेहरू नगर में पिछले कुछ दिनों से रह रहा है। उसके साथ कोई हिंदू लडक़ी भी है।

जब हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल, मानसिंह राजावत,राजेश कुशवाह सहित अन्य कार्यकर्ता वहां पहुंचे तो उसने अपना नाम अमन बताया। लेकिन बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना असली नाम आमिर बताया। वह कई लड़कियों के संपर्क में है। उसके मोबाइल में कई लड़कियों के अश्लील फोटो और चैटिंग भी मिली है। मोबाइल पुलिस को सौंपा गया है।

आमिर के बारे में हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं को वॉट्सऐप के माध्यम से यह भी जानकारी मिली है कि वह बालाघाट के बैहर इलाके से एक नाबालिग लडक़ी को सितंबर 2024 में अपहरण कर इंदौर लेकर आ गया था। और यहां पर नेहरू नगर में किराए से रह रहा था। हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के पास सोशल मीडिया से भी यह जानकारी पहुंची थी। इधर हीरानगर पुलिस ने बालाघाट में पुलिस से संपर्क किया है। आमिर पर अभी प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# महिला से सोने की चेन समेत जेवर लूटे

## ◆ हाइवे पर रांपी लगाकर कार पंक्चर कर रोका, फिर जेवर लूट ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने कार सवार लोगों को लूट लिया। आरोपियों ने सडक़ पर रांपी लगाकर पहले गाड़ी पंक्चर की। इसके बाद महिला, उसके भाई से सोने की चेन, अंगूठी और कान के झुमके लूट ले गए। वारदात मंगलवार रात आगरा-मुंबई फोरलेन पर पंजरिया फाटे के पास हुई।**

पुलिस के अनुसार कार सवार महिला, उसके भाई और ड्राइवर के साथ खलघाट से इंदौर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पंजरिया फाटे के पहले बीच रोड पर बदमाशों द्वारा रापी अड़ा दी गई थी। इस दौरान कार पंचर हो गई, तभी मौके पर तीन से चार बदमाश आ गए। महिला के गले से सोने की चेन खींच ली। महिला ने खुद ही हाथ में पहनी अंगूठी और कान के झुमके उतार कर आरोपियों को दे दिए। इसके बाद बदमाश फरार हो गए।

जानकारी लगते ही बडगोंदा थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। बडग़ोंदा थाना प्रभारी लोकेंद्र हिहोर ने बताया कि फोर लेन के आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दशहरे पर्व पर निकलेंगे 19 अखाड़े

## अतिरिक्त पुलिस फोर्स रहेगा तैनात,हथियार रहेंगे प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दशहरे पर्व को लेकर महू सहित आसपास के क्षेत्र में अखाड़े की प्रैक्टिस जारी है। शनिवार को दशहरे पर्व के मौके पर शहर में 19 अखाड़े निकाले जाएंगे। सभी जगह अखाड़ों की प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें मां अहिल्या शक्ति अखाड़ा भी तैयार हो रहा है।**

कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि अभी तक की सूचना अनुसार 19 अखाड़े निकाले जा रहे हैं। ये सभी अखाड़े शहर में ही निकलेंगे। रुट के अनुसार अखाड़े गुजरखेड़ा से आने वाले फूल चौक पर आएंगे और दूसरे स्थानों से आने वाले अखाड़े मोती चौक, हरी फाटक, मेन स्ट्रीट होते हुए मालवा कॉम्प्लेक्स से होकर फिर फूल चौक पर जाकर अपना आखिरी प्रदर्शन करेंगे।

इसके साथ ही अखाड़े के उस्ताद खलीफाओं को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि अखाड़े में किसी भी प्रकार के शस्त्र लेकर ना आए। सुरक्षा के मध्य नजर पुलिस की ओर से अतिरिक्त बल भी लगाया जाएगा।

## मोबाइल चुरा ले गए

**इंदौर**। विजयनगर पुलिस ने शिवराम रावत निवासी स्कीम 54 की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी के घर का ताला तोडक़र चोर मोबाइल फोन चुरा लिए जिनकी कीमत सवा दो लाख रुपए है। यहां से पांच हाजर रुपए भी नकद चुरा ले गए। इसके अलावा बडगोंदा पुलिस ने अशोक कपाड़े निवासी कोदरिया की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किय है। मलेंडी गांव में फरियादी की चिप्स फैक्ट्री है जहां पर चोरों ने धावा बोलकर अस्सी हजार रूपए का माल उड़ा दिया।

## सौंपा ज्ञापन, करंट से मरे व्यक्ति के परिजनों को आर्थिक मदद देने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू के डोंगरगांव में अंबेडकर विश्वविद्यालय में 2 दिन पहले करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। जिसके विरोध में बुधवार को डॉ बी आर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय में एनएसयूआई के प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह परिहार के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में आउटसोर्स कर्मचारी जमील अहमद ने ड्यूटी के दौरान कुलपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विश्वविद्यालय की तरफ से मृतक के घरवालों को 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद और उनके बच्चों की विश्वविद्यालय में पढ़ाई मुफ्त कराई जाने की मांग रखी गई। जिस पर कुलपति ने विश्वविद्यालय और कर्मचारियों की तरफ से आर्थिक मदद देने की बात स्वीकार करी। वहीं उनकी तीनों बेटियों की पढ़ाई विश्वविद्यालय में मुफ्त में कराने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान आदर्श सक्सेना, मयंक वर्मा, विक्रम मौर्य, सक्षम पाटीदार, देवेंद्र पाटीदार, वैभव बकावले आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बच्ची लापता, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में लगातार नाबालिग को बहला फुसलाकर कर भगाकर ले जाने के मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है। एक 14 वर्षीय नाबालिग बालिका छत्र छाया कॉलोनी से लापता हो गई। पुलिस ने बताया कि परिजन ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि कोई बहला फुसलाकर कर लडक़ी को ले गया है। बालिका की आसपास तलाश की गई है। लेकिन वह कहीं नहीं मिली। अज्ञात आरोपी पर अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगालने रही है। आसपास और पहचान वालों से पूछताछ की जा रही है।

# नाबालिग से अश्लील हरकत

## मां की शिकायत पर प्रकरण दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 11 साल की लडक़ी के साथ छेडछाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने उसका मुंह दबाकर उसके साथ हरकत की। पीछे आ रहे अन्य व्यक्ति की सतर्कता के चलते अनहोनी होने से बच गई। आरोपी बच्ची को छोडक़र भाग गया। लडक़े को लेकर जानकारी निकाली, तो वह नजदीक की ही कॉलोनी का रहने वाला निकला।**

हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक छठवी क्लास में पढऩे वाली छात्रा की मां की शिकायत पर अनुराग नाम के लडक़े के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉस्को एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। मां ने पुलिस शिकायत में बताया कि बेटी नजदीक स्थित मंदिर में गरबा खेलने जाती है। रात को वह गरबा खेलने गई। नल आने के चलते बेटी को वहीं छोडक़र घर पानी भरने चली गई। महिला ने बताया कि वह पानी लेकर घर आई तो किसी अनजान नंबर से कॉल आया। जिसमें बताया कि कोई लडक़ा आपकी बेटी को पकड़ रहा था। वह रो रही है। इसके बाद वह मौके पर पहुंची। घटना से घबराई बेटी रो रही थी। इसके चलते रात में उसे सुला दिया। अगले दिन थाने लेकर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।

## रास्ता रोककर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। माताजी के दर्शन कर देवास से लौट रहे युवक व साथी को चार आरोपियों ने रास्ते में रोका और हमलाकर घायल कर दिया। लात घूसों और बेल्ट से पिटाई के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना बाणगंगा क्षेत्र में सुपर कारिडोर ब्रिज पर हुई। पुलिस ने फरियादी गणेश पिता नरेश रघुवंशी निवासी नंदबाग कालोनी की रिपोर्ट पर विशाल,श्रवण,समीर और संजय के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं देवास से माता जी के दर्शन कर दोस्त के साथ स्कूटर पर सवार होकर अपने घर नंदबाग कालनी आ रहा था। जैसे ही हम सुपर कारिडोर ब्रिज के ऊपर पहुंचे तभी चार लडक़े सामने आ गए। उन्होंने हमारे स्कूटर को रोका और गालियां देने लगे। हमने गाली देन से मना किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। लात घूसें और बेल्ट से पिटाई की। धमकाकर बोले कि आज तो तुमको जान से खत्म कर देंगे। इसी दौरान आगे जा रहे हमारे साथी प्रदीप,चिराग,जय, आकाश वापस माए तो आरोपी वहां से चले गए।

## आपसी विवाद में रिक्शा में तोडफोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुआं इलाके में आपसी विवाद के बाद आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट की और रिक्शा में तोडफोड़ कर दी। पुलिस के मुताबिक विवाद चितावद कांकड में बालाजी मंदिर के सामने हुआ। फरियादी दीपक पिता रघुवीर रघुवंशी निवासी लाल बहादुर शास्त्री नगर की रिपोर्ट पर सुनील उर्फ टाटू सिलावट निवासी चितावत कांकड पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी सुनील उर्फ टाटू मुझे देखकर गालियां देने लगा था। मैंने गालियां देने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी। मेरे साथी देव चौहान ने बीच बचाव किया तो आरोपी ने पत्थर मारकर मेरी रिक्शा की हैडलाइट और सामने का कांच फोड़ दिया।

## गाड़ी हटाने की बात को लेकर मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले माणिकबाग लाइन में चल रहे गरबे के दौरान रात 12 बजे बाइक लगाकर खड़े लोगों को बाइक हटाने का बोला तो विवाद की स्थिति बन गई। रितेश यादव परिवार के साथ गरबा देखकर घर जाना चाह रहे थे और बीच में बाइक तीन युवकों ने लगा रखी थी और हटाने की बात पर विवाद किया गया। गाड़ी नहीं हटाई उलटा गालियां देने लगे। यह तीनों युवक दूसरे वर्ग के थे। गालियां दी तो विरोध के बाद तीनों युवकों ने हाथापाई करते हुए बेल्ट से रितेश यादव बिट्टु को पिटा जिससे खून बहने लगा। इसकी जानकारी विहिप बजरंग दल कार्यकतार्ओं को दी गई। सभी जूनी इंदौर थाना पहुंच गए दूसरे वर्ग के तीन युवक अलमास खान, मोईन खान, मोहम्मद शाद सभी निवासी भोपाल के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई।

## छोटी-छोटी बालिकाएं गरबों से कर रही मां की आराधना

**इंदौर**। नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। श्री मानस गरबा मण्डल की ओर से रोजाना छोटी -छोटी ब बालिकाये गरबा कर रही है। मीना राणा शाह ने बताया कि यह आयोजन बीते 20 वर्षो से नवरात्रि पर श्रधा और भक्ति के साथ मन रहा है। करीब 75 बालिकाये ढोलक की थाप पर गर्बो से देवी दुर्गा की आराधना हो रही है। सभी बालिकाये बड़ी ग्वाल टोली, नवरत्न बाग, लालाराम नगर, सेवा सरदार नगर, पदमावती कॉलोनी की होती है।

# एनसीबी की कार्रवाई के बाद एक्शन में पुलिस

## फैक्ट्रियों की सर्चिंग के लिए 6 टीमें बनी, डेटा भी तैयार किया जा रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भोपाल के बगरौदा स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शनिवार को दिल्ली एनसीबी और गुजरात एटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 18.14 करोड़ कीमत की 907 किलो ड्रग (एमडी) मिली थी। इसके बाद भोपाल पुलिस लगातार एक्शन में है।**

एसीपी रजनीश कश्यप कौल ने बताया कि फैक्ट्रियों की सर्चिंग के लिए 6 टीमें बनाई गई हैं। जिसमें 60 पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी बारी-बारी फैक्ट्रियों कारखानों को सर्च करने का काम कर रहे हैं। तीन दिनों में 15 फैक्ट्रियों को सर्च किया जा चुका है। इन फैक्ट्रियों में मौजूद स्टॉक, मालिक, कर्मचारियों सुरक्षा गार्ड सहित सभी का डाटा पुलिस तैयार कर रही है। मंगलवार को एमडी ड्रग बनाने का रॉ मटेरियल जब्त किया गया था, जिसकी कीमत 30 लाख थी। इस माल से तैयार होती थी 300 करोड़ होती। यह कार्रवाई भोपाल के रापडिया चौराहे पर स्थित एक दुकान में की गई थी।

### अमित की निशानदेही पर गोडाउन पर कार्रवाई

एनसीबी की रेड के दौरान गिरफ्तार आरोपी अमित चतुर्वेदी की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई थी। दुकान विष्णु पाटीदार नाम के व्यक्ति की थी। उसने बिना वैरिफिकेशन के दुकान अमित को दी थी। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया था।

### बगरोदा की पूरी जानकारी की जाएगी एकत्रित

डीसीपी जोन 2 संजय अग्रवाल ने बताया- बगरोदा के इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पुलिस को सहयोग का आश्वासन दिया है। वहां कौन-क्या काम कर रहे हैं, कौन से शेड बंद हैं, उसमें क्या हो रहा है। यह सब बताने की उन्होंने खुद से पहल की है। मैं सबसे अपील करना चाहूंगा कि अपने किराएदार सोच-समझ कर रखे। अगर उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही आप खुद भी नजर रखे आपकी प्रॉपर्टी पर क्या हो रहा है।

### अकेले मंदसौर में 7 साल में 36 तस्करों की 90 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

मंदसौर। ड्रग्स और तस्करी जैसे मामलों में ही मुंबई कोर्ट ने बीते 7 सालों में मंदसौर के 36 लोगों की 89 करोड़ 81 लाख 14 हजार 165 रुपए की संपत्ति फ्रीज की है। तस्करों ने ये संपत्ति एमडी, अफीम, हेरोइन समेत अन्य मादक पदार्थ और अन्य अवैध तरीके से बनाई थी। साल 2018 से अब तक ये कार्रवाई की गई। इनमें अचल संपत्ति 87.79 करोड़ रुपए की रही जबकि चल संपत्ति का मूल्यांकन 2.22 करोड़ रुपए का रहा है। अब भोपाल एमडी ड्रग्स फैक्ट्री केस में उदपुरा के प्रेमसुख पाटीदार और माल्या खेरखेड़ा के हरीश आंजना की क्राइम कुंडली पुलिस तैयार कर रही है। अर्जित तमाम संपत्तियां तो जांच एजेंसियों के रडार पर हैं ही, इनकी मोबाइल कॉल डिटेल रिपोर्ट, टॉवर लोकेशन व साइबर सेल के जरिए भी आरोपियों-सहयोगियों का नेटवर्क खंगाला जा रहा है।

### प्रेमसुख की तलाश जारी

*सभी विषयों पर लगातार अपडेट लिया जा रहा है। फरार प्रेमसुख की तलाश जारी है। ड्रग्स केस में पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर रही है। सफेमा कोर्ट मुंबई तक इसी साल में 16 प्रकरण मंदसौर से पहुंचे हैं, अगले निर्देश मिलने पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।*

**-अभिषेक आनंद, एसपी, मंदसौर**

# पत्नी ने प्रेमी-भाई के साथ मिल पति का किया मर्डर, 3 साल बाद कंकाल से खुला राज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर।** मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में तीन साल पहले मिले कंकाल के ऊपर से गुत्थी को सुलझा दिया है। पुलिस ने हत्या के राज से पर्दा उठाते हुए आरोपी पत्नी व उसके प्रेमी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है।

तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2021 में मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में जंगल इलाके में कंकाल बरामद हुए थे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान बृखभान लोधी के रूप में हुई थी।



आरोप लगे थे कि लोधी की पत्नी ने अपने प्रेमी और भाई के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी थी। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने विभिन्न पहलुओं में जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जांच में इस बात का खुलासा हुआ था कि बृखभान को अपनी पत्नी के अवैध संबंधों पर शक था।

जिसके बाद बृखभान की बेरहमी से मर्डर कर दिया गया था। डीएनए जांच के बाद बृखभान के परिजनों ने उसकी पहचान की थी। चंदेरी पुलिस की जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि बृखभान की पत्नी, उसका भाई सियाराम लोधी और उसके प्रेमी राजा परमार ने उसकी हत्या कर दी थी। पत्नी के अवैध संबंधों के इलावा वित्तीय विवाद भी सामने आए थे। बृखभान लोधी की लापता होने की रिपोर्ट परिजनों ने 2 मई 2020 को दर्ज कराई थी। शुरुआती जांच में पुलिस को बृखभान की पत्नी और उसके प्रेमी पर शक हुआ था।

पुलिस जांच में इस बात का खुलासा हुआ कि बृखभान लोधी का कुल्हाड़ी से बेरहमी से मर्डर कर शव को जंगल में फेंक दिया था। चंदेरी पुलिस का कहना है कि बृखभान के मर्डर में उसकी पत्नी उसके भाई सियाराम लोधी, उसके प्रेमी राजा परमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# कंडोम लेकर गरबा पंडाल में पहुंच गया फिरोज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में गैर हिंदुओं को गरबा पंडाल में शामिल नहीं होने की चेतावनी लगातार दी जा ही है। भाजपा नेता हों या फिर हिंदूवादी संगठन सभी ने इसे लेकर बयान दिए हैं। गरबा पंडाल के बाहर गैर हिंदुओं के प्रवेश नहीं की चेतावनी देते हुए बैनर लगा दिए गए हैं, इसके बाद भी इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसा ही एक मामला उज्जैन से समाने आया है। जहां, फिरोज नाम का युवक नाम बदलकर गरबा पंडाल में घुस गया। शक होने पर हिंदूवादी संगठन ने उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। इस दौरान उसकी जेब से कंडोम निकला, जिसे देखकर उसकी जमकर पिटाई लगा दी गई और फिर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात मक्सी रोड ओवरब्रिज के नीचे स्थित डालडा फैक्ट्री ग्राउंड में गरबा रास का आयोजन चल रहा था। इस दौरान पंडाल में एक संदिग्ध युवक घुस गया। उसे यहां-वहां घूमते देख वहां मौजूद हिंदू जागरण मंच की टीम ने उससे पूछताछ शुरू की। इस दौरान उसने अपना अपना नाम राहुल बताया। लेकिन, युवक पर शक होने पर उससे आधार कार्ड मांगा गया तो वह घबरा गया और अपना नाम फिरोज बताने लगा बताया। इससे हिंदू संगठन के लोग भड़क गए, उसकी जेब की तलाशी ली गई तो उसमें कई कंडोम मिले। जिससे लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। इसके बाद लोगों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में आरोपी युवक को सूचना पर पहुंची पंवासा पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने बताया युवक का नाम फिरोज शाह पिता नक्ती शाह है, वह 24 साल का है ब्यावरा का रहने वाला है। उस पर धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है।

# भैरुंदा में बिजली गिरने से नीलकंठेश्वर मंदिर का शिवलिंग हुआ क्षतिग्रस्त, दो अन्य जगह भी गिरी बिजली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** सीहोर जिले के भैरूंदा में बुधवार को मौसम ने करवट बदली और गड़गड़ाहट के साथ बिजली चमकने के साथ तीन जगह बिजली गिरी। इसके साथ ही करीब एक घंटे बारिश भी हुई। भैरूंदा में जहां एक कपड़ा दुकान पर बिजली गिरने से छत क्षतिग्रस्त हो गई है। वहीं बताया जा रहा है कि नर्मदा नदी के तट पर स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर पर भी बिजली गिरने से शिवलिंग क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा स्वप्न सिटी में बिजली के खंभे पर भी



बिजली गिरी है। जानकारी के अनुसार भैरूंदा तहसील का प्रमुख नर्मदा नीलकंठ घाट नर्मदा व कौशल्या त्रिवेणी संगम पर स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में आकाशीय बिजली गिरने से शिवलिंग क्षतिग्रस्त हुआ है। शिव मंदिर में अनुष्ठान कर रहे ब्राह्मणों ने बताया कि हमें प्रकाश दिखाई दिया उस समय तेज बारिश हो रही थी। बताया जाता है कि बुधवार शाम करीब 4 बजे तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली कौशल्या व नर्मदा नदी के संगम तट पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के शिवलिंग पर बिजली गिरने से शिवलिंग में छेद हो गया। वहीं, नीलकंठेश्वर मंदिर के शिवलिंग पर बिजली गिरने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय लोग नर्मदा तट पर पहुंच गए।

# बेलगाम ट्रक ने भजन कर लौट रही मंडली को रौंदा, गायिका सहित दो की मौत

## ◆ सात घायलों में दो की हालत गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह।** दमोह-छतरपुर मार्ग पर बटियागढ़ के समीप चैनपुरा गांव के पास बुधवार रात एक ट्रक चालक ने भजन मंडली को लेकर आ रहे ऑटो को कुचल दिया। इसमें भजन गायिका सहित दो लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। जिनमें दो की हालत नाजुक होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है और पांच लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलने के बाद तत्काल दमोह कलेक्टर सुधीर कोचर और एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी घटनास्थल पर पहुंचे और वहां से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल में मरीजों का बेहतर इलाज के लिए कलेक्टर के निर्देश पर पहुंचे दमोह



एसडीएम आरएल बागरी ने बताया कि दो की हालत होने पर जबलपुर रेफर कर दिया गया है। उसके लिए जबलपुर तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। पुलिस का फॉलो वाहन साथ भेजा गया है। बाकी लोगों का इलाज जहां चल रहा है।

हादसे में घायल बटियागड़ थाना के बछिया खिरिया गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हम सभी लोग ऑटो में सवार होकर दमोह शहर के राय चौराहे पर देवी पंडाल में भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिए आ रहे थे। रास्ते में चैनपुरा के पास दमोह की ओर से जा रहे एक ट्रक चालक ने ऑटो को कुचल दिया, जिससे सभी लोग बुरी तरह घायल हो गए। इस हादसे में भजन मंडली में शामिल मलवारी हिनौता निवासी पुष्पेंद्र सिंह और बक्सवाहा निवासी भजन गायिका देवकी बाई पति दयाराम कुशवाहा की मौत हो गई है। इसके अलावा घायलों में दिलीप लोधी निवासी मलबारी, जब्बार खान निवासी बसिया, अच्छेलाल ठाकुर निवासी शेखपुरा, अभिनाषी पाठक निवासी किसनपुरा, ऑटो चालक दुर्गेश, शरीफ खान बटियागढ़, बीरेंद्र लोधी निवासी मलबारी शामिल हैं।

## संपादकीय

# रिजर्व बैंक ने रेपो दर को रखा स्थिर

भारतीय रिजर्व बैंक ने फिर अपनी मौद्रिक नीति में कोई बदलाव करने से परहेज किया है। दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा गया है। फिलहाल वह साढ़े छह फीसद है। यह फैसला महंगाई पर काबू पाने के मकसद से किया गया है। रिजर्व बैंक ने अगले दो वित्त वर्षों में महंगाई के चार फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। नई मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की पहले की अनुमानित दर को कम किया गया है। स्वाभाविक ही रिजर्व बैंक के कदम अभी ठिठके हुए हैं। रिजर्व बैंक का मानना है कि अगर महंगाई को चार फीसद से नीचे लाकर स्थिर करने में कामयाबी मिल जाती है, तो विकास दर दहाई के आंकड़े को छू सकती है। हालांकि दुनिया में जिस तरह के हालात हैं और बहुत सारे देश मंदी की मार झेल रहे हैं, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था ने अपने को संभाल रखा है। यहां मंदी के झटके उस तरह नहीं लगे, जैसे कई विकसित कहे जाने वाले देशों में भी देखने को मिले। इस वक्त भारत दुनिया की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। ऐसे में रिजर्व बैंक ब्याज दरों में किसी भी तरह का परिवर्तन कर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। यह ठीक है कि रेपो दर में कोई बदलाव न होने से कर्ज लेकर घर, वाहन आदि खरीदने वालों पर किस्त चुकाने का बोझ नहीं बढ़ेगा। मगर हकीकत यह है कि फिलहाल रेपो दर अपने उच्च स्तर पर है। रेपो वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। इस तरह बुजुर्गों आदि को अपने बचत खाते की जमा राशि पर कुछ अधिक ब्याज मिल रहा है। मगर जिन लोगों ने कर्ज लिया हुआ है, उन पर पहले की तुलना में किस्तें बढ़ा कर चुकानी पड़ रही हैं। करीब दो वर्ष पहले जब खुदरा महंगाई बढ़ कर सात फीसद के आसपास पहुंच गई थी, तब रिजर्व बैंक ने रेपो दरें बढ़ानी शुरू की थी। थोड़े-थोड़े समय बाद छह बार रेपो दर में बढ़ोतरी की गई और वह ढाई फीसद तक बढ़ गई। इससे आंकड़ों में महंगाई पर अंकुश तो लगता दिखा, पर लोगों पर किस्तों का बोझ भी बढ़ गया। लंबे समय से अपेक्षा की जा रही है कि रिजर्व बैंक रेपो दर में कुछ कटौती करेगा, ताकि व्यवसायियों और नौकरी-पेशा लोगों को मकान, दुकान, वाहन आदि के कर्ज का बोझ कुछ कम हो। मगर रिजर्व बैंक फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जहां तक महंगाई पर काबू पाने का सवाल है, आंकड़ों में जरूर इसे कुछ काबू में दिखाया जाता है, मगर धरातल पर यह लगातार आम आदमी की जेब पर बोझ डाल रही है। खाने-पीने की वस्तुओं के दाम लोगों की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। अनाज, दालों, दूध-घी, खाद्य तेलों, फल-सब्जियों की कीमतें उन दिनों में भी घटती नजर नहीं आतीं, जब बाजार में उनकी आवक तेज होती है। त्योहारों का मौसम शुरू हो चुका है। इन दिनों बाजार में रौनक रहती है, कारोबारियों को कमाई की उम्मीद होती है, मगर महंगाई की मार का असर उस पर दिखता है। फिर, थोक महंगाई और खुदरा महंगाई के बीच कोई तार्किक अंतर नजर नहीं आता। ऐसे में केवल रेपो दर को यथावत बनाए रख कर रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने की अपनी कोशिशों में कितना कामयाब होगा, दावा नहीं किया जा सकता।

isha



*आप जिस भी चीज से बचने की कोशिश करते हैं, वही आपकी चेतना का आधार बन जाती है।*

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# 11 अक्टूबर को अष्टमी व नवमी पर बन रहे शुभ संयोग

## जानें कन्या पूजन का समय



**नवरात्रि की अष्टमी व नवमी तिथि एक ही दिन पड़ रही है। इस साल अष्टमी का व्रत 11 अक्टूबर को रखा जाएगा और इस दिन ही महानवमी मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, नवरात्रि में चतुर्थी तिथि की वृद्धि व नवमी का क्षय होने के कारण यह स्थिति बनी है। ज्योतिष गणना के अनुसार, इस साल अष्टमी व नवमी के दिन कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जिससे इस दिन की महत्ता और बढ़ रही है।**

अष्टमी व नवमी पर बन रहे शुभ संयोग-11 अक्टूबर को अष्टमी तिथि दोपहर 12 बजकर 06 मिनट तक रहेगी और इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ होगी। इस साल अष्टमी व नवमी का त्योहार एक ही दिन 11 अक्टूबर को है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि व रवि योग के अलावा सुकर्मा व धृति योग भी बन रहे हैं। हिंदू धर्म में सुकर्मा योग व धृति योग अत्यंत शुभ माने गए हैं। मान्यता है कि इस दौरान कार्यों को करने से उनमें सफलता हासिल होती है।

### 11 अक्टूबर को बनने वाले शुभ मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त-** 04:40 ए एम से 05:29 ए एम

**प्रातः सन्ध्या-** 05:04 ए एम से 06:19 ए एम

**अभिजित मुहूर्त-** 11:43 ए एम से 12:30 पी एम

**विजय मुहूर्त-** 02:03 पी एम से 02:49 पी एम

**गोधूलि मुहूर्त-** 05:55 पी एम से 06:19 पी एम

**सायाह्न सन्ध्या-** 05:55 पी एम से 07:09 पी एम

**अमृत काल-** 11:05 पी एम से 12:40 ए एम, अक्टूबर 12

11 अक्टूबर को राहुकाल का समय-11 अक्टूबर को राहुकाल सुबह 10 बजकर 40 मिनट से दोपहर 12 बजकर 07 मिनट तक रहेगा। हिंदू धर्म में राहुकाल के दौरान शुभ व मांगलिक कार्यों की मनाही होती है।

11 अक्टूबर को कन्या पूजन मुहूर्त-11 अक्टूबर को कन्या पूजन के कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। इन मुहूर्त में कन्या पूजन किया जा सकता है।

**चर** - सामान्यः 06:19 ए एम से 07:46 ए एम

**लाभ** - उन्नतिः 07:46 ए एम से 09:13 ए एम

**अमृत** - सर्वोत्तमः 09:13 ए एम से 10:40 ए एम

**शुभ** - उत्तमः 12:07 पी एम से 01:34 पी एम

## Jharkhand

# झारखंड में फिर मिला कैश और गहने का 'छोटा पहाड़', 100 करोड़ से भी ज्यादा का घोटाला

**रांची, (एजेंसी) झारखंड में कुछ महीनों पहले एक नौकर के घर से 32 करोड़ रुपए कैश बरामद हुआ था। पहाड़ की तरह करोड़ों रुपए सजा हुआ देख हर कोई हैरान हो गया था। ऐसे में अब दो अलग-अलग विभागों से 109 करोड़ रुपए के घोटाले का खुलासा हुआ है। इसे लेकर छापेमारी की गई। चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं फिर से एक साथ लाखों रुपए कैश और गहने बरामद किए गए हैं।**

**109 करोड़ का घोटाला-** झारखंड विद्युत वितरण निगम और उत्पादन निगम से 109 करोड़ के फर्जी निकासी में एटीएस की एसआईटी ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धुर्वा थाने में दर्ज केस की जांच के लिए एटीएस एसपी रिषभ झा के अधीन 3 एएसपी स्तर के अधिकारियों की एसआईटी गठित की गई थी। जांच में एसआईटी ने जेटीडीसी के कैशियर गिरिजा प्रसाद सिंह और केनरा बैंक के निफ्ट ब्रांच के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार को गिरफ्तार किया। स्वीकारोक्ति पर साजिशकर्ता रुद्र कुमार सिंह को बोकारो सेक्टर 8 ए से गिरफ्तार किया। लोकेश्वर प्रसाद नाम के साजिशकर्ता को डिबडीह क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

**मिला कैश और गहने का 'छोटा पहाड़'-** गिरफ्तार साजिशकर्ताओं की निशानदेही पर उनके ठिकानों से करीब 85 लाख रुपए कैश और 15 लाख के सोने के गहने (प्राप्त कमीशन के पैसों से) बरामद किए गए। राज्य पुलिस मुख्यालय के आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि कुल एक करोड़ के अपराध से अर्जित की राशि को बरामद किया गया। बताया कि जांच में एनसीसीआरपी पोर्टल/साइबर क्राइम थाना, सीआईडी द्वारा इंडियान साइबर क्राइम कॉ-ऑडिनेशन सेंटर, बैंकों के साथ लगातार समन्वय बनाकरा खाता फ्रिजिंग की कार्रवाई के साथ फर्जी खातों के उद्भेदन की कार्रवाई हो रही है। अभी तक कुल 300 फर्जी खातों की जानकारी मिली है, जिनमें से सबसे ज्यादा फर्जी अकाउंट उत्कर्ष स्मॉल फाइनांस बैंक में खोले जाने की बात सामने आई है।

## Noida

# नोएडा में अजीब कांड! 12 साल के लड़के को लेकर भागी 15 साल की लड़की, तीसरी बार हुई फरार

**नोएडा, (एजेंसी)** नोएडा में 15 साल की एक लड़की ने परिवार और पुलिस को परेशान कर दिया है। वह तीन बार घर से भाग चुकी है। दूसरी बार 12 साल के एक पड़ोसी लेकर के साथ फरार हो गई है। दो बार उसे पुलिस बरामद करके घर वापस ला चुकी थी। अब परिवार शहर छोड़ने जा रहा था तो उसी समय एक बार फिर वह फुर्र हो गई। 12 साल का वह लड़का भी लापता है।

मामला नोएडा के सेक्टर 58 स्थित गांव बिशनपुरा का है। नाबालिग लड़की मंगलवार शाम उस घर से भागी जब परिवार बेटी की बुरी आदतों के चलते नोएडा छोड़कर बिहार जाने की तैयारी कर रहा था। पिता ऑटो लेने निकले थे और वह मां व छोटी बहन को चकमा देकर गायब हो गई। दो बार किशोरी को बरामद कर चुकी पुलिस एक बार फिर खोजने में जुट गई है।

मूलरूप से बिहार के जिला दरभंगा के रहने वाले पीड़ित ने बताया कि उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी 15 वर्ष और छोटी बेटी 12 वर्ष की है। करीब 4 साल पहले वह बेटियों को पढ़ाने के लिए वह नोएडा आए थे। बिशनपुरा में किराए पर एक कमरा लिया। पति-पत्नी ने एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करके बेटियों को पढ़ा रहे थे। पिता ने बताया कि फरवरी 2024 में बड़ी बेटी पड़ोस में रहने वाली दो और नाबालिग लड़कियों को साथ लेकर चली गई। पुलिस ने खोजबीन करके करीब एक सप्ताह बाद वृंदावन से बरामद कर लिया। वह घर से 50 हजार रुपये ले गई थी। जयपुर में घूमने के बाद वृंदावन पहुंच गई थी।

पुलिस के मुताबिक करीब 15 दिन पहले भी किशोरी पड़ोस में रहने वाले 12 वर्षीय किशोर के संग लापता हो गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बरामद किया। पिता ने पुलिस को बताया कि अब उन्होंने नोएडा छोड़ने का फैसला किया है।

## Rajasthan

# राजस्थान में कांगो बुखार की एंट्री... 51 साल की महिला ने तोड़ा दम, सरकार ने जारी किया अलर्ट

**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के जोधपुर की 51 वर्षीय महिला की कांगो बुखार से मौत हो गई. यह मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार ने रोकथाम और बचाव के लिए राज्यभर में दिशा-निर्देश जारी किए हैं. कांगो बुखार एक घातक रोग है, जो जानवरों से इंसानों में फैलता है. प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में तेजी से कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, ताकि बीमारी के फैलने से रोका जा सके.

एजेंसी के अनुसार, जोधपुर की रहने वाली 51 वर्षीय महिला का अहमदाबाद के NHL म्युनिसिपल मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था. महिला कांगो बुखार से पीड़ित थी. पुणे के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी द्वारा की गई जांच में इस बात की पुष्टि हुई थी. उसने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया.

पब्लिक हेल्थ डायरेक्टर डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि जोधपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि प्रभावित क्षेत्र में टीम भेजकर रोकथाम के उपाय किए जाएं. इसी के साथ संदिग्ध और लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर उन्हें आइसोलेशन में रखा जाए.

## Uttarpradesh

# 'ट्रेन में बम के साथ आतंकी हैं...' अलर्ट के बाद मचा हड़कंप, 3 घंटे रुकी रही पुरुषोत्तम एक्सप्रेस

**प्रयागराज, (एजेंसी)** कई बार किसी ट्रेन या हवाई जहाज में बम या किसी और खतरनाक चीज के होने की खबर से सनसनी फैल जाती है. प्रशासन के आनन फानन में इसकी जांच करानी पड़ती है. हाल में पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस के साथ कुछ ऐसा ही हुआ . अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को यहां रेलवे को अलर्ट किया गया था कि कुछ संदिग्ध आतंकी विस्फोटकों के साथ पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में सफर कर रहे हैं.

इसके बाद उत्तर प्रदेश के टूंडला रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को तीन घंटे से अधिक समय तक रोक दिया गया था. हालांकि, एक एक्स यूजर से मिली ये जानकारी झूठी निकली, क्योंकि लगभग 2.30



बजे से सुबह 6 बजे तक की गई गहन जांच के बाद ट्रेन में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया.

प्रयागराज रेल डिवीजन के एक अधिकारी ने कहा, 'लगभग 2.30 बजे, सभी कोचों में सभी यात्रियों को जगाया गया और उनके सामान की मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड से गहन जांच की गई, लेकिन कुछ भी नहीं मिला.'

## खेल

# ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत की दूसरी जीत, सेमीफाइनल के लिए दावेदारी मजबूत

**दुबई, (एजेंसी) भारत ने बुधवार को श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप ए के मुकाबले में 82 रन से जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया और नेट रनरेट में सुधार कर लिया। अब टीम की नजर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर है।**



**भारत के नेट रनरेट में सुधार-** दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 172 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 90 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ टीम इंडिया ग्रुप ए की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। उनके खाते में चार अंक हैं और नेट रनरेट +0.576 का हो गया है। वहीं, श्रीलंका तीन मैचों में अब तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है।

**ताश के पत्तों की तरह बिखरी श्रीलंका की टीम-** 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। टीम को पहला झटका विश्मी गुनारत्ने के रूप में लगा जो खाता भी नहीं खोल सकीं। दूसरे ओवर में चामरी अट्टापट्टू भी पवेलियन लौट गईं। उन्हें श्रेयंका पाटिल ने अपना शिकार बनाया। पारी की शुरुआत से ही श्रीलंका की टीम एक लंबी साझेदारी के लिए जूझती दिखी। भारतीय गेंदबाजों के आगे उनका बल्लेबाजी क्रम ताश के पत्तों के तरह बिखर गया। इस मैच में हर्षिता ने तीन, कविशा ने 21, अनुष्का ने 20, निलक्शइका ने आठ, कंचना ने 19, सुगंदिका ने एक, इनोशी ने एक, उदेशिका ने नौ और इनोका रानावीरा ने दो* रन बनाए। भारत के लिए अरुंधति और आशा ने तीन-तीन विकेट चटकाए। वहीं, रेणुका को दो विकेट मिले जबकि श्रेयंका और दीप्ति को एक-एक सफलता मिली।

**भारत ने बनाया इस विश्व कप का सबसे बड़ा स्कोर-** सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की मदद से भारत ने महिला टी20 विश्वकप में श्रीलंका के खिलाफ तीन विकेट पर 172 रन बनाए। यह भारत का इस विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर है। मंधाना ने अपने टी20 करिअर का 27वां अर्धशतक लगाया। उन्होंने 38 रन की पारी में चार चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। वहीं, शेफाली ने 40 गेंदों में 43 रन बनाए जिसमें चार चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 12.4 ओवर में 98 रन की साझेदारी निभाई। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 27 गेंदों में नाबाद 52 रन की पारी खेली और आठ चौके व एक छक्का लगाया। श्रीलंका के लिए अट्टापट्टू और एमा को एक-एक विकेट मिला। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मंधाना और शैफाली ने भारत को सधी अच्छी दिलाई। टीम ने पावरप्ले के शुरुआती छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 41 रन बनाए।

## सिनेमा

# नई मां दीपिका पादुकोण ने बताए नींद ना पूरे होने के नुकसान, बोलीं- फैसले लेने में दिक्कत होती है



दीपिका पादुकोण बीते महीने मां बनी हैं। उन्होंने प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। वर्ल्ड मेंटल डे पर उनकी एक लेक्चर सीरीज आई है जिसमें वह नींद की कमी और इसके साइड इफेक्ट्स पर बात करती दिखीं। उन्होंने बताया कि जब नींद पूरी न हो या बर्न आउट फील करें तो उनके फैसले लेने की क्षमता भी प्रभावित होती है। दीपिका एरियाना हफिंगटन से लिव लव लाफ फाउंडेशन की लेक्चर सीरीज में बात कर रही थीं। यूट्यूब पर उनका वीडियो है। दीपिका बोलीं, 'जब आपकी नींद पूरी नहीं होती या फैसले नहीं ले पाते, अब ये चीजें मैं असल में फील करती हूं। मुझे पता है कि कुछ दिन ऐसे होते हैं जब मैं स्ट्रेस फील कर रही हूं या बर्न आउट हूं क्योंकि मैं ठीक से सो नहीं पाई। मुझे पता चलता है कि कुछ हद तक मेरी फैसले लेने की क्षमता प्रभावित होती है। बातचीत के एक और हिस्से में दीपिका ने यह भी बताया कि लोग कैसे नेगेटिव इमोशन को पकड़े रहते हैं, खासकर जब उनकी आलोचना की जाए। वह बोलीं, 'दर्द, गुस्सा ये सब फील करना और इससे सीख लेना इंसानों के लिए एकदम नॉर्मल है। बड़ी बात है कि आप आलोचना से किस तरह से सीख लेते हैं और इससे खुद पर पॉजिटिव तरीके से काम कैसे करते हैं। आपको इस पर धैर्य रखना चाहिए।'

## Highlights

1. Elderly man duped of ₹10 crore in cyber fraud, two men arrested
2. Ratan Tata met & thanked 26/11 hero Major Sandeep's parents for supreme sacrifice
3. Will deepen our engagements: PM Modi as he departs for Laos
4. Ratan Tata's mortal remains kept at Mumbai's NCPA lawns for public to pay last respects

# Rate cut with 7% of growth never happened in India or globally: SBI

**NEW DEIHI, (Agency).** After the Reserve Bank of India projected more than 7 per cent of GDP growth for the entire financial year 2024-25, a latest report by State Bank of India noted that histrorically a rate cut with such a high growth has rarely, if ever, occurred in India or globally.

The report also noted that it raises an interesting question as to whether RBI is preparing the grounds for an ensuing rate cut harmonizing with current momentum in growth.

"Perhaps a 7 per cent growth with a rate cut has never happened in India's history or the world history" said the SBI report.

The report raises the intriguing possibility that the RBI might be laying the groundwork for a rate cut, despite the strong momentum in economic growth.

It points out that such a move would be unprecedented, apart




from a brief period in 2016 when a new Monetary Policy Committee (MPC) had taken over.

"This raises an interesting question as to whether RBI is preparing the grounds for an ensuing rate cut harmonizing with current momentum in growth" the report said.

The scenario is particularly noteworthy because, in most countries, including India, rate cuts typically occur when economic growth is slowing down, not when it is accelerating.


The SBI analysis highlighted that, barring the case of the Philippines, countries that have implemented rate cuts generally did so when their GDP growth was lower than the average of the preceding four quarters. In contrast, India's projected growth remains robust, making the possibility of a rate cut all the more unusual.

The report suggested that the RBI may be strategically offering markets ample time to prepare for an eventual shift in monetary policy. With foresight, the central bank appears to be signaling that it is keeping a close watch on both growth and inflation dynamics, possibly hinting at future policy adjustments.

# Nobel Prize 2024 winner proud of ex-student's role in Sam Altman's OpenAI ouster

**NEW DEIHI, (Agency).** Geoffrey Hinton, winner of 2024 Nobel Prize in Physics, said that he is extremely proud of his former student Ilya Sutskever's involvement in the dismissal of Sam Altman from OpenAI last year. Geoffrey Hinton said, "I'm particularly proud of the fact that one of my students fired Sam Altman", referring to Ilya Sutskever, who completed his PhD in computer science under Hinton's supervision at the University of Toronto in 2013.

Geoffrey Hinton talked about OpenAI's initial mission and said, "OpenAI was set up with a big emphasis



on safety. Its primary objective was to develop artificial general intelligence and ensure that it was safe." But now Sam Altman's priorities shifted, becoming more focused on profits rather than safety and "I think that's unfortunate," he said.

Ilya Sutskever was widely reported to be involved in Sam Altman's ouster from OpenAI as the company's board cited a lack of transparency in the CEO's communications as the reason for his removal. Ilya Sutskever later expressed regret and called for Sam Altman's reinstatement. He left OpenAI in May 2024 and soon after founded a new venture Safe Superintelligence Inc. that focuses on responsible AI development.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

# व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

# कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

# "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक